'इंजीनियरिंग कॉलेज में इसी वर्ष से बढ़ेंगी कंप्यूटर साइंस की सीट'

कॉलेज में वॉल पेंटिंग देखते यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह। संवाद

टनकपुर (चंपावत)। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कॉलेज में रविवार से तीन दिवसीय वार्षिक युवा उत्सव शुरू हो गया है। उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने दीप जलाकर उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने संस्थान में कंप्यूटर इंजीनियरिंग की सीट 60 से बढ़ाकर 120 करने की बात कही।

कुलपति ने कहा कि इस संबंध में संस्थान की ओर से विश्वविद्यालय को प्रस्ताव मिला है। उद्घाटन के उपरांत कुलपति ने छात्रों की ओर से संस्थान की चहारदीवारी में बनाई गई वॉल पेंटिंग का अवलोकन कर प्रशंसा की।

संस्थान के निदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने संस्थान की प्रगति रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि संस्थान में छात्रों की ओर से गठित हॉबी क्लब के माध्यम से पहली बार वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया है।

इस मौके पर शिक्षक नीतीश फुलेरा, हिमांशु शाह, मानवेंद्र सिंह, डॉ. राहुल क्षेत्री, सीमा लोहनी, हिमानी खर्कवाल, आकांशा चौधरी, अंबिकेश यादव, दिनेश, सूरज, ममता, प्रियंका, मनोज, मनीष आदि मौजूद रहे। संवाद